दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-58
मुरादाबाद
18 June 2024
(Tuesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

न्यू जलपाईगुड़ी के पास कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त; राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने जताया दुख

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि वह दार्जिलिंग जिले के फनसीदेवा इलाके में रेल दुर्घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध है। इस घटना को लेकर अन्य जानकारी का इंतजार है। कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। बिहार-बंगाल की सीमा के पास एक भीषण ट्रेन हादसा हुआ। रांगापानी रेलवे स्टेशन पर

सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद कंचनजंगा एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई और 60 से ज्यादा घायल हुए हैं। यह दुर्घटना न्यू जलपाईगुड़ी के पास हुआ। रेलवे की टीम जांच में जुट गई है। हादसे के बाद से ही रेल परिचालन ठप हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत अन्य नेताओं ने इस हादसे को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस घटना पर दुख जताया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव हादसे का जायजा लेने दार्जिलिंग के लिए रवाना हो चुके हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस हादसे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में रेल दुर्घटना में लोगों की मृत्यु की खबर अत्यंत व्यथित करने वाली है। मेरी प्रार्थनाएं पीड़ितों के परिवार के साथ है। मैं घायलों के जल्द ठीक होने और बचाव कार्य की सफलता के लिए प्रार्थना करती हूं। पीएम मोदी ने इस हादसे पर दुख जताते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। प्रभावितों की सहायता के लिए बचाव अभियान जारी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी दुर्घटना स्थल पर जा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने इस रेल दुर्घटना को दुखद बताया। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में हुआ रेल हादसा बहुत दुःखद है।इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। अश्विनी वैष्णव ने इस रेल दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, एनएफआर जोन में दुर्भाग्यपूर्ण हादसा। बचाव कार्य जारी है। रेलवे, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ एकसाथ मिलकर काम कर रहे हैं। घायलों को अस्पताल में पहुंचाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, दार्जिलिंग जिले के फनसीदेवा इलाके में रेल दुर्घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। इस घटना को लेकर अन्य जानकारी का इंतजार है। कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। बचाव के लिए डीएम, एसपी, डॉक्टर, एंबुलेंस और आपदा टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया है। कार्रवाई शुरू हो गई है।अन्य नेताओं ने भी जताया दुख- बिहार के राजद नेता भाई वीरेंद्र ने इस घटना के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, जिस देश में रेलवे का निजीकरण कर दिया गया, वहां दुर्घटनाएं तो होंगी ही। इससे पहले कांग्रेस और यूपीए सरकार के समय जब दुर्घटनाएं होती थी, तब मंत्री खुद इस्तीफा दे देते थे। अब ऐसी घटनाओं के बाद मंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं। हमें इस सरकार से कोई उम्मीद नहीं है। यह सरकार एक गैंग है, जो इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार है। त्रिपुरा के मंत्री सुशांत चौधरी ने कहा, आज सुबह 8.50 बजे सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कुछ लोगों को गंभीर चोट आई है। भारत सरकार, पीएम रेलवे मंत्री और हमारे सीएम भी हालात का

जायजा ले रहे हैं।

सरकार ने बढ़ाया मुआवजा; घटना में मृतकों के परिजन को 10 लाख, गंभीर घायलों को 2.5 लाख की मदद

पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी के पास खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस में पीछे से एक मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। रंगापानी और निजबाड़ी के पास हुए हादसे में तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुईं। इस हादसे में 15 लोगों की मौत और 60 लोग घायल बताए जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में हुए रेल हादसे पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि- हादसे के पीड़ितों को दी जाने वाले अनुग्रह राशि में बढ़ोत्तरी की गई है। इसमें मरने वाले के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5-2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल होने वालों को 50-50 हजार सहायता राशि दी जाएगी।रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और सीईओ जया वर्मा सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि बचाव अभियान पूरा हो गया है। इस हादसे में सिग्नल की अनदेखी करने वाले मालगाड़ी के चालक और सहायक चालक के साथ कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के गार्ड की भी मौत हुई है। कंचनजंगा एक्सप्रेस का अप्रभावित हिस्सा मालदा टाउन की ओर रवाना हो गया है। यात्रियों को भोजन और पानी उपलब्ध कराया गया है और रेलवे ट्रैक की सफाई का काम जारी है।पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के पास हुए रेल हादसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़ गया है, ताजा जानकारी के मुताबिक हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि लगभग 30 लोग इस रेल हादसे में घायल हैं। बता दें कि कंचनजंगा एक्सप्रेस में पीछे से एक मालगाड़ी के टक्कर मारने के बाद ये हादसा हुआ है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

संक्षिप्त समाचार

आठवले बोले- हमारी सरकार अगले पांच साल के लिए फिर आएगी, इंडिया ब्लॉक ने संविधान बदलने की अफवाह फैलाई

मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि हमारी सरकार अगले पांच वर्षों के लिए फिर से आएगी। आठवले ने रविवार को कहा, हमें इस बार लोकसभा चुनाव में कम सीटें आईं क्योंकि इंडिया गठबंधन ने अफवाह फैलाई कि संविधान बदल दिया जाएगा।आठवले ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को यह दोहराने के बजाय कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास देश पर शासन करने का जनादेश नहीं है, उन्हें विपक्ष की रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए। आठवले ने कहा, एनडीए के पास स्पष्ट बहुमत है।

हमने 292 लोकसभा सीटें जीती हैं। आठवले ने कहा कि जब यूपीए सत्ता में थी तो भाजपा ने यह नहीं कहा कि कांग्रेस के पास शासन करने का जनादेश नहीं है।आठवले ने कहा कि उद्धव ठाकरे कह रहे हैं कि चुनाव संविधान को बचाने के लिए हैं, लेकिन हमारा चुनाव यूबीटी शिवसेना, शरद पवार की राकांपा और राहुल गांधी की कांग्रेस को हटाने के लिए होगा। महाराष्ट्र में अब कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होंगे। हमारे साथ 240 से अधिक विधायक हैं। हम अगले 5 वर्षों के लिए फिर से आएंगे।

तनाव के बीच पहले शपथ ग्रहण में न्योता अब ईद की बधाई; क्या भारत और मालदीव के रिश्ते सुधरने की राह पर?

भारतीय उच्चायोग ने बताया कि ईद-उल-अजहा के मौके पर भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और यहां के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।भारत और मालदीव में इस साल की शुरुआत से विवाद बना हुआ है। भारत और मालदीव के रिश्ते में खटास आ गई है। पाकिस्तान की तरह ही मालदीव अब चीन की गुलामी पर उतर आया है। मगर भारत का सबसे अच्छा पड़ोसी चीन का गुलाम बन जाए यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तनिक भी रास नहीं आ रही। यही वजह है कि मोदी 3.0 में मालदीव और भारत के बेपटरी हुए रिश्ते को पटरी पर लाने की कवायद तेज हो गई है। इसलिए उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करने के बाद अब सब

गिले शिकवे दरकिनार कर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को ईद-उल-अजहा के मौके पर बधाई दी है।दोनों देशों के संबंधों में खटास- बता दें, पिछले साल नवंबर में चीन के समर्थक रहे मुइज्जू के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में खटास आ गई है। बकरीद की शुभकामनाएं- मालदीव के भारतीय उच्चायोग ने राष्ट्रपति और मालदीव के लोगों के लिए प्रधानमंत्री मोदी की बकरीद की शुभकामनाएं साझा कीं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारतीय उच्चायोग ने लिखा, ईद-उल-अजहा के मौके पर भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और यहां के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने इस त्योहार में निहित त्याग, करुणा और भाईचारे के मूल्यों पर जोर दिया, जो एक शांतिपूर्ण और समावेशी दुनिया के निर्माण में आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि भारत की बहु-सांस्कृतिक विरासत के हिस्से के रूप में पूरे भारत में उत्सव को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा। इसलिए बना हुआ है तनाव- दरअसल पिछले साल मालदीव ने मुइज्जू की सरकार बनी। मुइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है। सरकार में आते ही मुइज्जू ने भारत विरोधी कई कदम उठाए,जिसकी वजह से रिश्ते खराब हो गए। मालदीव से भारतीय सेना की वापसी और पीएम मोदी के लक्ष्यदीप दौरे पर टिप्पणी ये कुछ उदाहरण हैं। मालदीव इससे पहले भारत का अच्छा पड़ोसी रहा है।

धूमधाम से मनाया जा रहा ईद उल अजहा, नमाज पढ़कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी, एक-दूसरे को बधाई दी

ईद उल अजहा का त्योहार प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज सुबह से ही लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने एक साथ नमाज पढ़ी और देश मे अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं, प्रदेश भर में सुरक्षा को लेकर भी कड़े इंतजाम किए गए है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। लखनऊ में टीले वाली मस्जिद पर सबसे पहले सुन्नी समुदाय के लोगों ने नमाज पढ़ी। गले मिलकर दी बधाई- ईद की नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। छोटे छोटे बच्चों ने भी नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। योगी ने ईद-उल-अजहा की बधाई दी- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को ईद-उल-अजहा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि ईद-उल-अजहा का त्योहार सभी को मिलजुल कर रहने तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा प्रदान करता है।लखनऊ के तहसीनगंज स्थित शिया जामा मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज़ अदा अध्यक्ष मौलाना सैफ़ अब्बास

संपादकीय Editorial

Mismanaged arrangements, missing duty

This case has many stages and many dimensions, but the mystery is now making holes in the vigil of law and order. When an altercation between a local tractor driver and his relatives and people travelling in a vehicle from another state on the road of Sirmaur turned into a scuffle, the reeds of chaos came out on the road. The gap between the evidence of the fight and the responsibility of the police investigation increased so much that the behaviour of the head constable became abnormal and like a video on social media. The installments of the conduct of the head constable who was entrusted with the responsibility of investigation are missing and the government is missing. Actually, the investigation did not see the victims whose wounds were screaming, but now the crowd has started questioning those who were groaning behind the scenes. The structure of the police department is also questionable in the hide and seek case issued by Head Constable Jasvir Saini. If this practice starts in many procedures of investigation, then by what logic will the case of the 'plaintiff' remain fair. This also shows how careless and unclaimed the system is towards the criminal incidents happening in the state. If the truth of the viral video was not asked, then why did the police personnel engaged in the investigation disappear from the scene, this question is now being asked by the department's questionnaire. Now the investigation is going on not in two factions, but in the factions of the police department. In such a situation, should the people riding the tractor get justice or the missing police constable be searched first. The surprising thing is that nothing is easy and simple in Himachal now and recommendations have to be arranged even for testing and inspection. This is not only the scenario in law and order, but the state is running with closed eyes by keeping the rules at bay in departmental criteria as well. It is a different matter that somewhere a few officers, administrative officers, doctors, engineers or teachers do wonders, otherwise even the basic needs are absent. Dharamshala Zonal Hospital coming into discussions for the fourth consecutive year under the state's rejuvenation evaluation shows that some prophet of government work culture is doing high level work. When Dr. Rajesh Guleri nurtured the hospital on the basis of his responsibility, the government structure also left the private behind, otherwise the cleanliness of the nearby Tanda Medical College makes this department feel ashamed. The condition of the education department is such that holidays are before the season and schools are running during the rainy season. Our water supply projects collapse in summer, but the top officials do not know where the water will come from and where it will go. The electricity department also has this habit more or less and the arrangements go haywire in the peak of summer. The arrangements of every department are in shambles, yet there are boasts that the big man is doing wonders in every post. It is surprising that in the tourist season when Himachal wants to smile, it is unable to provide electricity for light, water for taps, suitable roads for transport, parking for tourist vehicles and law and order to get rid of traffic jams. We do not know who is guilty of the Sirmaur incident and who really wants support from the law, but the actions of the police have trapped themselves first with the video scandal and now with the disappearance of the head constable. In such a situation, how long can we consider the working of this department to be extraordinary and be happy that we did not have to deal with it. The irony is that whichever aspect of the Himachali system we have to deal with, the trouble, disappointment and difficulty.

A fascinating story of a duck, from fun at the beach to Quackchat

Which cartoon-watching child would not be familiar with the cartoon character Donald Duck? When television came, the cartoon character that was most awaited every Sunday along with Mickey Mouse was Donald Duck. But do you know that your beloved Donald Duck has turned 90 years old? But he has not aged. You will also be surprised to know that Donald Duck first appeared as a supporting character in a cartoon film The Wise Little Hen. But people liked this character so much that he soon came into the lead role. Within a few years of his appearance on the silver screen in the year 1934, Donald Duck was considered a star equal to the great actresses of the time, Shirley Temple or Greta Garbo. His popularity is clearly evident in Disney's 1939 animated short The Autograph Hound, in which an A-list Hollywood actor of the time left a film shoot at his studio to get Donald's autograph. Donald Duck's creator Walt Disney himself had started calling Donald Duck his 'Gable of the stable' by 1940. In fact, Donald Duck's popularity was linked to Hollywood superstar Clark Gable, who was the biggest name at MGM studios at the time. Donald Duck had become a worldwide icon by the 1940s. Donald Duck was featured in everything from children's books in Europe and America to the US government's domestic propaganda during World War II. Donald was shown starring in cartoons designed to encourage Americans to support the war. These short animated films ranged from encouraging people to invest in US government bonds to mocking Hitler as a crazy dictator. The latter short animated film Der Fuhrer's Face earned Donald his first Oscar in 1943, although it has since been criticized for its satirical portrayal of Japanese people. Donald Duck is as popular today as he was in the mid-twentieth century. Media researcher Chris Rojek has also cited Donald Duck as an example in the classification of celebrities. Duck represents the ideal celebrity, a fictional character and 'an institutionalized feature of popular culture.' Unlike other Disney characters, Donald's stories take place in the present and are contemporary to viewers and readers. This is clearly reflected in his relationship with female characters. In Donald's early days, female characters were often limited to depicting beauty, domesticity, and subservience to patriarchy, reflecting the experiences of women around the world. For example, Daisy Duck was originally never shown working a job or having a career, in contrast to Donald Duck who has been shown to have a variety of jobs, including private detective, postal worker, and salesman. In recent years, however, female characters have evolved to reflect the modern world. This includes the first appearances of characters such as Donald's sister Della Duck. Della is a skilled pilot who can often be seen in the middle of action scenes and is an integral part of the plot of the comic book series DuckTales (2018) as well as the television show of the same name. In these stories, Della Duck, Daisy Duck, and other female characters have agency and are the main protagonists and not just there to support the male characters. There is no doubt that Donald Duck is a more relatable character than the aliens from a distant galaxy or the princes or princesses of stories such as Once Upon a Time. This is because Donald and his friends face the same everyday challenges that we do and enjoy the same joys that we do. They face traffic jams, job dissatisfaction, and they enjoy vacations at the beach, gatherings with family at festivals, and so on, just like we do. So it is not difficult for the audience to sympathize with Donald, identify with him, and understand his feelings in the situations he finds himself in. Viewers tend to relate his joys and sorrows to events in their own lives. This connection between Donald's experiences and those of the audience has been a major reason for his success and popularity over the past 90 years. The frustrations that are relevant to the character of Donald Duck have been important themes in his stories. In the animated shorts in which Donald starred in the 1930s, 1940s, and 1950s, Donald enjoyed the technological advances of radio and television. And his most recent animated appearance in Ducktales features Donald using the social media platform QuackChat, which is of course a rip-off of Snapchat. Donald Duck has always been popular around the world because he is so common man-like that everyone can relate to him with their own personal joys and sorrows. People around the world still relate to him and laugh at his temper tantrums over life's hardships. He gives us the ability to vent our frustrations just like Homer Simpson from 'The Simpsons' or the Clown Poison from 'Family Guy'. provides a way to compare Donald Duck to adult cartoon stars like Peter Griffin. As long as Donald Duck keeps up with society, and continues to reflect the changing world we live in, there's no chance of the duck disappearing from our minds. As long as Donald Duck keeps up with society, and continues to reflect the changing world we live in, there's no chance of the duck disappearing from our minds.

Enough coffee: It sharpens the alertness of working professionals, but its addiction is not always beneficial

Too much coffee drives away sleep, you sleep less. Sleeping less makes you lethargic. To overcome lethargy, you drink coffee again and thus get caught in the vicious cycle of coffee. Drinking coffee drives away sleep. It increases the energy level in the body. It removes fatigue and also increases concentration. When it comes to your beloved coffee, one counts all its benefits in one breath. A super study was done in America on human nutrition, in which many benefits of coffee were also counted. According to this study, drinking coffee reduces the risk of cancer by two to twenty percent. The risk of heart disease reduces by five percent. The risk of type-2 diabetes and Parkinson's disease also reduces by about thirty percent. In this report, it was even believed that drinking coffee also makes a person live longer. You must be feeling good after hearing all this, but if you have started believing that coffee is nectar, then be a little careful. Coffee has some benefits, but its excessive consumption can also cause harm. Busy working professionals take the help of coffee to sharpen their alertness. But this addiction of coffee is not always beneficial. Actually, when we work all day, our body produces more and more adenosine chemical. The more this chemical increases in the body, the more sleepy we feel. Then when we sleep, our body reduces the level of adenosine by using energy, due to which we wake up refreshed every morning. According to a research published in the Journal of Neuroscience, when we drink caffeine, it prevents adenosine from doing its work, that is, it drives away sleep. You are unable to sleep at night, due to which lethargy persists throughout the day. When you are lethargic, you again like to drink coffee. In this way, when you start drinking coffee in large quantities, it becomes a cycle of trouble. Keep in mind that the lethargy that comes due to lack of sleep cannot be removed even by all the caffeine in the world. So, it is like an endless battle between coffee and sleep. The energy from coffee can provide some relief, but caffeine can never replace the benefits of natural sources. If you eat a good breakfast, sleep well, exercise and enjoy natural sunlight for about ten minutes in the morning, then you will not need to drink so much coffee.

Question: How much will the Prime Minister be able to change himself, will there be a change in the style of governance as well!

Now in his third term, Modi has come in the category of those Prime Ministers who have run the government without an absolute majority. In the last few years, he has seen himself as the 'Supreme Boss', but I feel that soon he will bring a change in his style of governance. About a year ago, i.e. on July 1, 2023, in an article published on this page, I had written that I hope for a change in Indian democracy. I used to think that "no single party will get a majority in the Lok Sabha. Our current Prime Minister is naturally authoritarian. The majority his party got twice in the general elections has strengthened this aspect of his personality." However, in July 2023 or a few months after that, I was doubtful whether this hope would come true or not. In an article published in 'Foreign Affairs' in February 2024, the Prime Minister's policies were criticized. I had commented that the 'India' alliance will have to struggle a lot to remove Modi and BJP from power. Yes, it can be expected that the 'India' alliance can definitely make a dent in the BJP's majority in Parliament. Some time later, Anil Maheshwari, a journalist who knows North India very well, told me that the opposition will not only make a dent in the BJP's majority in Parliament but will also end it. On February 25, 2024, Anil Maheshwari wrote to me, "I am afraid that your expectation may be wrong. The leftists and liberals have not understood the ground reality and the BJP may get around 230 seats." A week later, Maheshwari again wrote, "Modi is indecisive with dictatorial qualities in his political nature. This strengthens my statement that the BJP's strength may be reduced to 230 seats." On March 18, Maheshwari again sent me an e-mail, in which he wrote, "The BJP will get 230 seats, which includes 30 out of 80 seats in Uttar Pradesh. I have many doubts about Rahul Gandhi's abilities, yet he is the only non-BJP leader who has come out on the streets and has been able to draw a good crowd." Anil Maheshwari had predicted this a month before the elections began. In July 2023, I had expressed hope against hope, saying that "a coalition government will come. India is a very big and diverse country. It cannot be run without cooperation and advice. However, a large majority in Parliament leads to arrogance in the ruling party. A Prime Minister with a large majority does not treat his cabinet colleagues well, disrespects the opposition, curbs the press, abolishes the autonomy of institutions and at least ignores the interests and rights of the state, especially those states ruled by another party." Before Narendra Modi became Prime Minister, I have seen the governments of Indira and Rajiv Gandhi, in which there are signs of encouragement of authoritarian tendencies due to the overwhelming majority. On the other hand, I have also seen coalition governments, when the press and judiciary were more independent and there was less attempt to control regulatory bodies.

ईदगाह मैदान में शांतिपूर्ण माहौल में हजारों मुसलमानों ने पढ़ी नमाज मुल्क और कौम की तरक्की के लिए की दुआ , DM-SSP ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

क्यूँ न लिखूँ सच
सिकंदर रजा



मुरादाबाद- ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुई। शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद ने नमाज अदा करवाई। इस दौरान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और एसएसपी हेमराज मीणा समेत अन्य अधिकारी ईदगाह पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ईदगाह को सेक्टर में बांटकर मजिस्ट्रेट और सीओ की तैनाती की गई थी। नगर निगम की टीमों को रोड पर मुस्तैद रखा गया। सोमवार सुबह से ईदगाह में नमाजियों का आना शुरू हो गया था। सुबह 7:30 शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज में काफी संख्या में नमाजियों ने हिस्सा लिया ईदगाह परिसर में काफी संख्या में नमाजी पहुंचे। नमाज के बाद डीएम और एसएसपी ने भी गले मिलकर मुबारकबाद दी। इसके अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने ईद उल अजहा को अमन और भाईचारे संग मनाने की अपील के साथ ही साफ-सफाई का ख्याल रखने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने ईद उल अजहा खुशी और भाईचारे के संग मनाने की बात कही है। कुर्बानी का सिलसिला सोमवार, मंगलवार और बुधवार को भी जारी रहेगा। ईदगाह मैदान में शांतिपूर्ण माहौल में हजारों मुसलमानों ने पढ़ी नमाज मुल्क और कौम की तरक्की के लिए की दुआ आपको बता दे मुरादाबाद में कड़े सुरक्षा के घेरे में बकरीद की नमाज अदा की गई इस दौरान डीएम और एसएसपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे वही चप्पे चप्पे पर ड्रोन कैमरा से निगरानी की गई ईदगाह में नमाजियों को बकरीद की मुबारकबाद देने के लिए समाजवादी पार्टी की नवनिर्वाचित सांसद रुचि वीरा समेत समाजवादी पार्टी के कई नेता भी मौजूद रहे वही नायब इमाम सैय्यद मोहम्मद फहद ने ईदगाह में सुबह 7:30 बजे ईद की नमाज पढ़वाई। उनके पिता और शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद ने नमाज के बाद दुआ कराई। इस मौके पर ssp हेमराज मीणा, ह्यश्र सिटी अखिलेश भदोरिया , एडीएम सिटी डीएम मानवेंद्र सिंह, पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन, हाजी यूनुस बाबरी मस्जिद के मुत्तावल्ली मोहम्मद अय्यूब सैफी आदि कई गणमान्य लोग मौजूद रहे

संक्षिप्त समाचार

युवक को पेड़ से बांध लाठियों से पीटने के मामले में सुरजन नगर चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सुरजन नगर के इंचार्ज रविंद्र सिंह भाटी को एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्रवाई पीड़ित के मामले में लापरवाही बरतने पर हुई है। मामला शनिवार को ठाकुरद्वारा तहसील में चल रहे समाधान दिवस में एसएसपी के सामने आने पर थाना-चौकी पुलिस हरकत में आई थी। पुलिस ने उसी दिन मुख्य आरोपी शेरपुर पट्टी निवासी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन पुत्र जगदीश यादव को दबोच लिया था और दूसरे आरोपी डिलारी थाने के गांव गुलड़िया निवासी सचिन यादव को अगले दिन पकड़ लिया था। लापरवाही के मामले में नाराज एसएसपी हेमराज मीना ने चौकी इंचार्ज के विरुद्ध प्रारंभिक कार्रवाई की है। इधर, पूरे प्रकरण में पुलिस चौकी की भूमिका की जांच सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार तिवारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों नामजद अभियुक्तों को जेल भेजा जा चुका है। यह था मामला- उधार वाले रुपये वापस मांगने पर फाइनेंसर को आरोपियों ने बहाने से बुलाकर गमछे से उसके हाथ कसकर पेड़ से बांधा दिया था। फिर अर्द्धनग्न कर उसे लाठियों से पीटा था। आरोप है कि उसके साथ कुकर्म करने की भी कोशिश हुई। यही नहीं, आरोपियों ने इस कृत्य का वीडियो भी बनाया और इंटरनेट पर वायरल कर दिया है। घटना एक जून को दोपहर की थी। लेकिन, आरोपियों की धमकी से भयभीत पीड़ित ने घर में भी नहीं बताया था। 13 दिन बाद जब वायरल वीडियो देखा तो घर वालों के पैरों तले जमीन खिसक गई। फिर पीड़ित को हिम्मत देकर गुरुवार को उसे सुरजनपुर पुलिस चौकी ले गए, जहां चौकी इंचार्ज को घटना बताई। शेरपुर पट्टी गांव निवासी पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने 14 जून को ही मुख्य आरोपी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन उठा भी लिया था लेकिन, शनिवार सुबह उसे छोड़ दिया। जिस पर पीड़ित ठाकुरद्वारा तहसील में चल रहे समाधान दिवस में पहुंचा था। यहां उसने एसएसपी हेमराज मीना को प्रार्थना पत्र देकर आपबीती बताई थी और वायरल वीडियो भी दिखाए थे। एसएसपी के निर्देश पर ठाकुरद्वारा थानाध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने पीड़ित की तहरीर पर ज्ञात दोनों आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की थी।पीड़ित ने बताई थी घटना और कारण- पीड़ित ने बताया कि आरोपी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन उनके घर के सामने रहता है। इसका दोस्त सचिन यादव है। काली डॉन के जरिए वह सचिन को पहचानता है। पीड़ित ने बताया कि वह फाइनेंश का काम करता है। डेढ़ साल पहले सचिन ने बीमारी का बहना बनाकर उससे 5,000 रुपये उधार लिए थे। इधर, पीड़ित की पत्नी की डिलवरी होने वाली थी। इसलिए उसने सचिन से अपने उधार वाले रुपये वापस मांगे थे। जिस पर सचिन ने पीड़ित को कांठ मार्ग पर पुलिया पर बुलाया था। वहां काली डॉन, सचिन यादव और दो अन्य लोग मौजूद थे। इन लोगों ने जैसे ही उसे देखा कि तुरंत दौड़कर पकड़ लिया। गमछे से उसके हाथ कसकर पेड़ में बांध दिया और उसके अंडरगारमेंट्स भी उतार दिए और फिर उसे लाठियों से पीटा। पीड़ित का आरोप है कि इन चारों ने उसके साथ कुर्कम भी करने की कोशिश की। इस पूरी घटना का उन लोगों ने वीडियो भी बना लिया था, जिसे वायरल कर दिया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी ने शुक्रवार को बेटे को जन्म दिया है। पीड़ित चार भाइयों में तीसरे नंबर का है।

किराए के विवाद में रोकी रोडवेज बस, परिचालक व यात्रियों से की अभद्रता...आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद- ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुई। शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद ने नमाज अदा करवाई। इस दौरान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और एसएसपी हेमराज मीणा समेत अन्य अधिकारी ईदगाह पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ईदगाह को सेक्टर में बांटकर

मजिस्ट्रेट और सीओ की तैनाती की गई थी। नगर निगम की टीमों को रोड पर मुस्तैद रखा गया। सोमवार सुबह से ईदगाह में नमाजियों का आना शुरू हो गया था। सुबह 7:30 शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज में काफी संख्या में नमाजियों ने हिस्सा लिया ईदगाह परिसर में काफी संख्या में नमाजी पहुंचे। नमाज के बाद डीएम और एसएसपी ने भी गले मिलकर मुबारकबाद दी। इसके अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने ईद उल अजहा को अमन और भाईचारे संग मनाने की अपील के साथ ही साफ-सफाई का ख्याल रखने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने ईद उल अजहा खुशी और भाईचारे के संग मनाने की बात कही है। कुर्बानी का सिलसिला सोमवार, मंगलवार और बुधवार को भी जारी रहेगा। ईदगाह मैदान में शांतिपूर्ण माहौल में हजारों मुसलमानों ने पढ़ी नमाज मुल्क और कौम की तरक्की के लिए की दुआ आपको बता दे मुरादाबाद में कड़े सुरक्षा के घेरे में बकरीद की नमाज अदा की गई इस दौरान डीएम और एसएसपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे वही चप्पे चप्पे पर ड्रोन कैमरा से निगरानी की गई ईदगाह में नमाजियों को बकरीद की मुबारकबाद देने के लिए समाजवादी पार्टी की नवनिर्वाचित सांसद रुचि वीरा समेत समाजवादी पार्टी के कई नेता भी मौजूद रहे वही नायब इमाम सैय्यद मोहम्मद फहद ने ईदगाह में सुबह 7:30 बजे ईद की नमाज पढ़वाई। उनके पिता और शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद ने नमाज के बाद दुआ कराई। इस मौके पर ssp हेमराज मीणा, ह्यश्र सिटी अखिलेश भदोरिया , एडीएम सिटी डीएम मानवेंद्र सिंह, पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन, हाजी यूनुस बाबरी मस्जिद के मुत्तावल्ली मोहम्मद अय्यूब सैफी आदि कई गणमान्य लोग मौजूद रहे

भविष्य बताने वाला निकला आकिब, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांग रहा था रुपये

मुरादाबाद- कबीर बाबा बनकर मो. आकिब तंत्र-मंत्र से भविष्य बताने का झांसा देने वाले ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह मेरठ जिले में थाना-तहसील मवाना कस्बे के मुहल्ला तिहाई मकान नंबर-845 का रहने वाला है। इसका असल नाम मो. आकिब उर्फ कबीर है। इसने पुलिस को बताया है कि वह तंत्र-मंत्र का काम करता है और जो लोग उससे संपर्क आते हैं, उनसे कथित पूजा-अर्चना के नाम पर रुपये लेता है। चुपके से वीडियो कॉल कर उनकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता है।पिछले दिनों इसी मो. आकिब ने कोतवाली नगर क्षेत्र की एक युवती को ठगा था। पूजा-अर्चना के दौरान उसने उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। फिर वह युवती को ब्लैकमेल करने लगा था। इंटरनेट पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये की मांग कर रहा था। परेशान युवती ने इस मामले में 13 जून को नगर कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की और रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया है।सीओ कोतवाली सुनीत दहिया ने बताया कि घटना का तत्काल संज्ञान लेकर अभियुक्त की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के लिए नगर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक उषा मलिक को निर्देश जारी किए गए थे। पुलिस टीम की कार्रवाई की वह हर रोज समीक्षा भी कर रही थीं। रविवार को कोतवाली नगर थाने की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पारकर रोड से अभियुक्त मो. आकिब उर्फ कबीर बाबा पुत्र अय्यूब को गिरफ्तार किया है। सीओ कोतवाली ने बताया कि यह अभी करीब 24 वर्ष का है। इसके पास से एक मोबाइल भी

♦ जालसाजी - ऑनलाइन कॉल पर पूजा का ढोंग कर कराता था अश्लील क्रियाएं, बना लेता था क्लिप

बरामद हुआ है। इस मोबाइल में पीड़िता से बातचीत और उसके अश्लील वीडियो भी मिले हैं। इस कार्रवाई में थाने के दरोगा गौरव कुमार, कांस्टेबल शिव शंकर और शोएब खान भी शामिल रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि कथित ज्योतिषी के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाया गया था। लोकेशन ट्रैस होने पर उसे पकड़ा गया है।ज्योतिष का झांसा देकर बनाई थी अश्लील वीडियो क्लिप

आरोपी ने युवती को ज्योतिष का झांसा देकर वीडियो कॉल कर उसकी अश्लील वीडियो क्लिप बना ली थी। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जालसाज रुपये मांग कर रहा था। युवती ने पुलिस को बताया था कि वह किसी ज्योतिषी से बात कर अपने भविष्य के बारे में जानना चाहती थी। 25 दिसंबर 2023 को दोस्त शानू के माध्यम से उसे ज्योतिषी का मोबाइल नंबर मिला था। कॉल कर संपर्क किया तो ज्योतिषी ने अपना नाम कबीर बताया था। बातचीत के दौरान कथित ज्योतिषी ने पूजा करने का आडंबर फैलाया। कहा कि तुमको पूजा में वीडियो कॉल पर बैठना होगा और मैं अपने यहां से पूजा करूंगा। युवती जालसाज के प्रभाव में आ गई थी। फिर वह वीडियो कॉल के माध्यम से पूजा पर बैठ गई। जालसाज ने झांसा देकर उससे कई क्रियाएं कराई थीं। इस दौरान उसने युवती का अश्लील वीडियो भी बना लिया था। इस तरह जाल में फंसी थी युवती- पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की दोस्त शानू की गलती से कॉल लग गई थी। फोन रिसीव करने वाले ने उसी दौरान उससे अपने को ज्योतिषी बताया था। कोई परेशानी होने पर जरूर संपर्क करने का सुझाव दिया था। इसी बीच पीड़िता की नौकरी छूट गई। वह कार शोरूम में काम करती थी।

नौकरी छूटने से वह परेशान थी और उसने अपनी परेशानी दोस्त शानू से साझा की थी। जिस पर शानू ने पीड़िता को वही नंबर देकर ज्योतिषी से बात करने की सलाह दी थी। पीड़िता ने कथित ज्योतिषी मो. आकिब उर्फ कबीर बाबा से परेशानी बताई और वह उसके जाल में फंस गई। मो. आकिब ने पीड़िता से नौकरी फिर से मिल जाने का वादा किया और इसके लिए पूजा-अर्चना में 30,000 रुपये खर्च बताया था। इसमें उसने 15,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से ले भी लिए थे।

मां की डांट से क्षुब्ध युवती ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत नाजुक

मुरादाबाद- मझोला थाना क्षेत्र में सोमवार को नाबालिग युवती ने मां की डांट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, नाबालिग युवती अपने सहेलियों के संग बिना परिवार के बताए मेला देखने चली गई थी। मेले से लौटकर घर वापस आने पर मां के द्वारा नाबालिग युवती को डांटा गया तो गुस्से में आकर नाबालिग युवती ने घर में रखी चूहे मार दवा खा ली। कुछ देर बाद नाबालिग युवती की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहा उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। नाबालिग युवती की मां ने बताया, उनकी तीन बेटियां और एक पुत्र हैं। यह उनकी दूसरे नंबर की पुत्री है। सुबह बिना बताए गागन तिराहे के पास लगे गंगा मेले में अपने सहेलियों के संग चली गई थी। वापस आने पर मेरे द्वारा डांट लगा दी गई थी। गुस्से में आकर घर में रखी दवा खा ली। नाबालिग युवती के पिता बेलदारी की मजदूरी करते है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

BJP विधायक पर संगीन आरोप लगाकर सुर्खियां बनी दलित ब्लॉक प्रमुख, बोली कर लूंगी आत्मदाह

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़। धनीपुर ब्लॉकप्रमुख पूजा दिवाकर ने छर्रा क्षेत्र के भाजपा विधायक रवेंद्रपाल सिंह व पूर्व ब्लॉकप्रमुख तेजवीर सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं और बिलख पड़ी। उन्होंने कहा कि ये दोनों विकास कार्यों में बाधा बन रहे हैं और उनका उत्पीड़न कर रहे हैं। यदि इनका हस्तक्षेप बंद न हुआ तो वह पंद्रह 330 दिन में कलेक्ट्रेट या विकास भवन में आत्मदाह करने को बाध्य होगी। फिलहाल उनके आरोपों से सियासी माहौल गर्मा गया है। वहीं विधायक ने आरोप बेबुनियाद बताये है को स्वर्ण जयंती नगर के रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि वह अनुसूचित जाति से आती हैं। भाजपा संगठन के सहयोग से कम उम्र और शिक्षित होने के कारण उन्हें ये जिम्मा दिया गया। उनके ब्लॉक प्रमुख बनने के बाद से ही विधायक व पूर्व प्रमुख अपनी मनमानी से ब्लॉक में करते आ रहे हैं।

शुरुआती कुछ दिनों में तो मान सम्मान रखने या माहौल समझने का प्रयास किया लेकिन उन्हें लगा कि अब गड़बड़, हो रहा है तो उसने अधिकारियों से शिकायत करना शुरू की। उस पर कोई कार्रवाई नहीं नहीं हुई। अब कुछ माह पहले निकाले गए दो करोड़ की निविदा को विधायक ने निरस्त करा दिया। अब फिर से निविदा हुई तो उस पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। अधिकारी भी सत्ता के दबाव में कार्रवाई कर रहे हैं पूजा दिवाकर ने बताया कि उनकी मर्जी से काम निकालने, उनके चहेते ठेकेदारों को काम न देना इसके पीछे वजह है। एक ठेकेदार ने तो अपशब्द कहते हुये धमकी भी दीं, वहीं विधायक में आरोप बेबुनियाद बताते हुए कहा है कि धनीपुर में कराये जाने वाले विकास कार्यों की निविदा राजस्थान की अखबार में छापवाई गई है जिससे ब्लॉक प्रमुख की मंशा साफ होती है 7

बिजली के करंट से एक व्यक्ति की मौत एक महिला गंभीर

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ -अकराबाद की दोपहर गांव जुझारपुर में बिजली के करंट की चपेट में आने से जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं एक अन्य महिला को गंभीर हालत में पुलिस ने उपचार के लिए जेएन मेडिकल भेजा है। गांव जुझारपुर निवासी सुरेश पुत्र रामप्रसाद यादव रविवार की दोपहर अपने घर पर नहा रहे थे।तभी किसी तरह बिजली की लाइन में अचानक 11 हजार का करंट उतर आया। जिसके चलते घर में लगी केबल में आग लग गई। सुरेश ने चीखपुकार मचाते हुए पत्नी भूरी देवी से बच्चों को बाहर लेजाने के लिए कहा और स्वयं अरगनी से अपना पेंट उतारने लगे तभी उसे जोरदार करंट लगा। जिससे 40 बर्षीय सुरेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं पड़ोसी महिला सीमा देवी पत्नी बोबी बोर्ड से मोबाइल निकाल रही। तभी उसे भी जोरदार करंट लगा। वह गंभीर रुप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी पाकर कोतवाली के एसएसआई दुलीचंद यादव मौके पर पहुंच गए और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक सुरेश ने अपने पीछे दो बच्चों व पत्नी भूरी देवी को रोते बिलखते छोडा है। घायल महिला सीमा देवी का जेएन मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।

मामले में एसडीओ सचिन कुमार भड़ाना ने बताया है कि घटना की जांच की जारही है मृतक के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा दिलवाने की कार्यवाही की जायेगी।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

संक्षिप्त समाचार

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में शाला स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनें कलेक्टर किया श्रमदान

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के सभी 2085 शासकीय स्कूलों में चलाया गया शाला स्वच्छता अभियान जनप्रतिनिधि, स्कूली शिक्षक, विद्यार्थियों के पालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व. सहायता समूह की दीदियों व ग्राम वासियों ने श्रमदान में दिया अपना सहयोग शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर आज जिले के सभी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में शाला स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिले के सभी 2085 स्कूलों में श्रमदान के माध्यम से इस कार्यक्रम का संपादन किया गया। शाला स्वच्छता अभियान में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्कूली शिक्षक, विद्यार्थियों के पालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की दीदियों, ग्रामवासी व अन्य के द्वारा स्वप्रेरणा से श्रमदान का कार्य किया गया। इसी के तहत आज शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में कलेक्टर श्री रोहित व्यास व अन्य ने श्रमदान कर शाला को स्वच्छ बनाने का कार्य किया। विद्यालय परिसर के अंदर कचरों का पृथक्करण किया गया, जिसमें पेड़ एवं पौधों से गिरे सूखे पत्तों को अलग से एकत्र कर उसे नापेड मे डाला गया ताकि उससे निर्मित खाद का उपयोग परिसर के पौधों में खाद के रूप मे किया जा सके। विद्यालय के छत की सफाई भी कि गई ताकि बरसाती पानी का ठहराव छत में ना हो।इसके साथ ही सभी के सहयोग से स्कूल के प्रत्येक कक्ष की सफ़ाई की गई। इस दौरान कलेक्टर एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया व उपस्थित जनों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर यहां श्रीमती गीता जयसवाल (जिला पंचायत सदस्य), श्री सत्यनारायण जायसवाल, श्री सीमांचल त्रिपाठी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ श्री कमलेश नंदिनी साहू द्वारा बतरा के शासकीय विद्यालय में शाला स्वच्छता अभियान में श्रमदान के माध्यम से योगदान दिया गया, वहीं सभी शिक्षकों, अधिकारी एवं कर्मचारियों की संकुलवार ड्यूटी लगाई गई थी जहां उन्होंने श्रमदान के माध्यम से स्कूलों को स्वच्छ बनाने हेतु अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

स्कूलों में शाला स्वच्छता एवं श्रमदान का हुआ कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देश में आज जिले के समस्त स्कूलों में शाला स्वच्छता एवं श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तारतम्य में जनपद पंचायत रामानुजनगर अंतर्गत स्तिथ हाई स्कूल, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला पतरापाली के समस्त स्टाफ एवं एसएमसी के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों एवं सरपंच सचिव की उपस्थिति में शाला स्वच्छता अभियान कार्य किया गया। सफाई के साथ साथ पीने के पानी की समुचित व्यवस्था व अन्य सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिले के समस्त अधिकारियों को संकुल स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

पुलिस चौकी पारा पर हुई शांती समिति की बेठक

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेन्द्र राठौर

झाबुआ/पारा । आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस चौकी पारा पर शान्ति समिति की बेठक का आयोजन किया गया व नागरिकों से सभी त्योहार आपसी सदभावना से मिल जुलकर शान्ति से मनाने की अपील की। पुलिस चौकी पारा पर चौकी प्रभारी अशोक सिह बघेल ने आगामी त्योहारो को लेकर शान्ति समिति की बेठक का आयोजन किया गया । बेठक मे चौकी प्रभारी ने नगर और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपने विचार साझा किये व क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के बारे मे विचार विमर्श कर जानकारीली व उपस्थित नागरिको से सहयोग की अपेक्षा के साथ सभी त्योहार को शान्ति पुर्वक आपसी सदभावना भाईचारे से मनाने की अपील की। ज्ञात है की चौकी प्रभारी श्री बघेल अभी कुछ दिन पुर्व ही पारा पुलिस चौकी पर पदस्थ हुवे है ।इस अवसर पर जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 3 के सदस्य व धर्म रक्षक प्रमुख हर्षिता वालसिह मसानिया मुस्लिम समाज के सेकटरी सय्यद शौकत अली, यासीन खा पठान, नगर के व्यापारी, गणमान्य नागरिक और पत्रकार गण उपस्थित थे।

स्कूलों में चलाया गया शाला स्वच्छता अभियान, अभियान के तहत स्कूलों की हुई साफ-सफाई

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- / जिला प्रशासन एवं कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा आयोजित जिले के सभी शालाओ में एक दिवसीय शाला स्वच्छता अभियान का अभिनव पहल किया गया जिसके तहत विकासखण्ड रामानुजनगर के पतरापाली में हाईस्कूल, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला सहित अन्य विद्यालयों में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। शाला स्वच्छता अभियान में क्षेत्र के एस एम सी सदस्य, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, विद्यार्थियों के पालक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच सचिव सहित ग्रामवासियों के द्वारा श्रमदान का कार्य किया गया।

शाला प्रवेश उत्सव से पूर्व इस अभियान में सभी ने बहुत तत्परता से कार्य किये। जहां विद्यालय परिसर, कमरे के अलावा बरामदा, शौचालय सहित अन्य जगहों में झाड़ू, फावड़ा लेकर बारीकी से साफ-सफाई की। विद्यालय परिसर में पशुओं के पहले गोबर को एकत्रित किया गया जिसे बरसात में पौधारोपण एवं किचन गार्डन के समय उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य नवल सिंह, प्रधानपाठक बीआर हितकर, जेडी सिंह, महेन्द्र पटेल, अनिता सिंह, योगेश साहू, कृष्ण यादव, परवीना, अंजली कवर, उपसरपंच, पंच, सचिव अजय सिंह, दुर्गा, शीला सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

प्रो. रामगोपाल यादव ने राहुल गांधी के ब्लैक बॉक्स वाले बयान का किया समर्थन, बोले- ईवीएम हैक की जा सकती है

एलन मस्क की टिप्पणी और फिर राहुल गांधी के ब्लैक बॉक्स वाले बयान का सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव ने समर्थन किया।ईवीएम हैक की जा सकती है। यह बात सपा के महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने ईवीएम की प्रमाणिकता को लेकर दुनिया के सबसे बड़े उद्योगपति एलन मस्क की टिप्पणी को संदर्भित करते हुए कही। उन्होंने दावा किया कि एलन मस्क ने जब कहा कि ईवीएम हैक की जा सकती है तो मतलब की जा सकती है।कहा कि एलन मस्क से बड़ा कोई भी तकनीकी ज्ञान वाला नहीं है। उनका कहना है कि ईवीएम हैक हो सकती है और उसमें डाटा फीड किया जा सकता है। देश में ईवीएम को लेकर लोगों में जो संदेह है वह सही है। इसलिए सभी दल पहले से भी कहते आए हैं कि ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से मतदान होना चाहिए। दुनिया में जहां लोगों ने पहले ईवीएम का इस्तेमाल किया है, अब बंद कर चुके हैं। वहां अब बैलेट पेपर से ही चुनाव होता है। कहा कि अमेरिका, यूके, जर्मनी जैसे विकसित देशों में भी बैलेट पेपर से चुनाव होता है।प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने शहर में पत्रकारों से बात करते हुए लोगों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा ईद भाईचारे और प्रेम का त्योहार है। अगर व्यक्ति का मन उदार रहेगा तो सुख, शांति और समृद्धि चारों तरफ रहेगी। ईश्वर से और अल्लाह से यह कामना करता हूं कि देश में अमन-चैन रहे। नेता प्रतिपक्ष के सवाल पर प्रो. रामगोपाल यादव कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि इस बारे में पार्टी नेतृत्व ही निर्णय लेगा। वहीं, करहल विधानसभा सीट पर प्रत्याशी को लेकर उन्होंने कहा कि करहल विधानसभा अखिलेश की है और वह मैनपुरी लोकसभा का हिस्सा है। ऐसे में इसका भी निर्णय जल्दी लिया जाएगा।

गर्मी ने ले ली ट्रक चालक की जान: अचानक सीने में हुआ दद...'और निकल गए प्राण; वाराणसी माल उतारने गया था

गर्मी ने ट्रक चालक की जान ले ली। उसके सीने में अचानक दर्द हुआ। कुछ ही देर में प्राण निकल गए। वाराणसी माल उतारने गया था। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी निवासी ट्रक चालक की गर्मी की वजह से जान चली गई। गर्मी से परेशान चालक के सीने में अचानक दर्द हुआ। कुछ ही देर में मौत हो गई। चालक ट्रक में चायपत्ती लेकर बनारस गया था। चालक की मौत के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।भीषण गर्मी ने जन जीवन को प्रभावित कर रखा है। बेवर थाना क्षेत्र के नगला परम गांव निवासी अवनीश कुमार (45) ट्रक चालक था। ट्रक चलाकर पत्नी व चार बच्चों का भरण पोषण कर रहा था। वह ट्रक में कोलकाता से चाय पत्ती लाद कर बनारस सप्लाई देने के लिए गया था। रविवार शाम बनारस के लंका मैदान में भीषण गर्मी के बीच चालक परेशान हो गया और ट्रक खड़ा कर आराम करने लगा। अचानक उसके सीने में तेज दर्द हुआ और वह अचेत हो गया। आसपास के लोगों ने पानी डाल कर चालक को होश में लाया। सूचना पर पहुंची पुलिस गंभीर हालत में अवनीश को अस्पताल ले गई। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर जैसे ही गांव नगला परम पहुंची तो परिजन में चीख पुकार मच गई। परिजन शव लेने के लिए बनारस के लिए रवाना हो गए हैं। सोमवार को देर शाम तक शव गांव आने की बात कही जा रही है।

घूसखोरी में पकड़ा गया दरोगा... भड़के इंस्पेक्टर, कहा- पत्रकार और एंटी करप्शन मेरा क्या कर लेंगे

बरेली के शीशगढ़ थाने की बंजरिया पुलिस चौकी के इंचार्ज की गिरफ्तारी के बाद थाने के इंस्पेक्टर भड़क गए। उन्होंने पत्रकारों और एंटी करप्शन के लोगों को अपशब्द कहे। इंस्पेक्टर ने कहा कि पत्रकार और एंटी करप्शन वाले मेरा क्या कर लेंगे। बरेली के शीशगढ़ थाने के दरोगा जितेंद्र कुमार को एंटी करप्शन टीम ने हाल ही में रिश्वत लेते गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दरोगा को थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार का बेहद खास बताया जा रहा है। इससे इंस्पेक्टर और बौखला गए हैं। सोमवार को थाना प्रभारी की दो ऑडियो रिकार्डिंग वायरल हुई हैं। इनमें से एक में वह उस किसान को धमका रहे हैं जिसने अपने खेत से मिट्टी चोरी की रिपोर्ट कराई थी। इसमें तहरीर में ईंट भट्ठा मालिक का नाम दिया गया था लेकिन एफआईआर में नाम गायब था। किसान ने इसकी शिकायत एसएसपी से की थी।किसी ने उसकी शिकायत एक्स पर पोस्ट कर दी कि इंस्पेक्टर ने 50 हजार रुपये लेकर भट्ठा मालिक का नाम निकाल दिया है। इस पर भड़के इंस्पेक्टर किसान से कह रहे हैं कि पत्रकार मेरा कुछ नहीं कर पाएंगे। पत्रकारों को अपशब्द कहे। वहीं दूसरी रिकार्डिंग में खनन का ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़ने को लेकर एक प्रधान इंस्पेक्टर से अनुरोध कर रहे हैं। वह बता रहे हैं कि खनन की अनुमति है। यहां भी इंस्पेक्टर वाहन का फोटो खींचने वाले पत्रकारों को लेकर गालीगलौज कर रहे हैं। कह रहे हैं कि दरोगा जितेंद्र मेरा खास बताया जा रहा है लेकिन मैं लगातार अधिकारियों से कह रहा था कि इसे हटा दो, यह मेरे कब्जे में नहीं है। अधिकारियों ने मेरी सुनी होती तो ये नौबत नहीं आती। चौकी में रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ था दरोगा - शीशगढ़ थाने की बंजरिया पुलिस चौकी के इंचार्ज जितेंद्र सिंह को शनिवार को एंटी करप्शन की टीम ने दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। चौकी इंचार्ज के कमरे की जब तलाशी ली गई तो वहां रखे बैग में 1.06 लाख रुपये भी मिले। चौकी इंचार्ज ने बताया कि रुपये फॉलोअर के मकान बनवाने के लिए इकट्ठे किए गए हैं। हालांकि इसका कोई सुबूत नहीं मिला। माना जा रहा है कि ये रुपये भी उगाही के हैं। जांच यह भी की जा रही है कि चौकी इंचार्ज के पास यह रुपये कहां से आए? किससे लिए गए हैं? साफ है कि चौकी इंचार्ज ने और भी लोगों से वसूली की है। विभागीय जांच भी शुरू हो गई है। शीशगढ़ इंस्पेक्टर से लेकर चौकी पुलिस पर तैनात स्टाफ तक निशाने पर है। बताया जा रहा है कि चौकी पुलिस इस कदर बेलगाम थी कि पुलिस कर्मी वर्दी तक नहीं पहनते थे। विभागीय जांच में चौकी पुलिस के साथ ही शीशगढ़ थाना प्रभारी भी जांच के लपेटे में आ गए हैं।

युवक नहाते रहे... स्वीमिंग पूल में डूब गया 12 साल का बालक, गंभीर हालत में बरेली रेफर

